क्वींसलैंड पुलिस सर्विस
ऑस्ट्रेलिया
वह व्यक्ति जिसकी हमें तलाश है

राजविंदर सिंह
(बुटर कलाँ इंडिया)

इनाम $1,000,000 (दस लाख) ऑस्ट्रेलियाई डॉलर
(लगभग 5,10,00,000 [पाँच करोड़ दस लाख] भारतीय रुपए)

इनाम: पुलिस एवं सुधारात्मक सेवाओं के मंत्री तथा अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं के मंत्री ने राजविंदर सिंह (जन्म की तारीख 15/07/84) जो कि मूलरूप से बुटर कलाँ, इंडिया से है, पहले इनिस्फ़ेल नॉर्थ क्वींसलेंड, ऑस्ट्रलिया में रहता था, की लोकेशन के बारे में जानकारी देने के लिए जिससे कि उसे गिरफ़्तार किया जा सके, $1,000,000 के इनाम को अनुमोदित कर दिया है।

अभियोग से माफ़ी : इसके अतिरिक्त, किसी भी सहभागी (अपराध में) के लिए अभियोजन पक्ष से उचित माफ़ी के लिए सिफ़ारिश की जाएगी जो सबसे पहले सूचना देगा और वह वो व्यक्ति नहीं होना चाहिए जिसने वास्तव में अपराध किया है।

$1,000,000 का इनाम देने का निर्णय केवल क्वींसलैंड पुलिस सर्विस के कमिश्नर द्वारा लिया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि सभी कानून प्रवर्तन अधिकारी (Law Enforcement Officers) इनाम दिए जाने हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं हैं।

परिस्थितियाँ : 21 अक्तूबर 2018 को तोयाह कॉर्डिंगली (Toyah Cordingley) क्वींसलैंड के केन्स (Cairns) के उत्तर में वंगेटी समुद्र-तट पर सैर कर रही थी, जब उसकी निर्दयता से हत्या कर दी गई। इस मामले मे जिस व्यक्ति की तलाश है उसकी पहचान इनिस्फ़ेल, क्वींसलेंड के राजविंदर सिंह के रूप में हुई है। सिंह मूलरूप से बुटर कलाँ, पंजाब, इंडिया से है।

क्वींसलेंड पुलिस सिंह के बारे में जानकारी देने के लिए आम जनता से अपील कर रही है जिससे उसकी लोकेशन का पता चल सके और उसे गिरफ़्तार किया जा सके।

आम जनता का कोई भी सदस्य जिसके पास ऐसी जानकारी है जो सिंह की लोकेशन का पता लगाने व उसे गिरफ़्तार करने में मदद कर सकती है तो उससे आग्रह है कि वह निम्नलिखित पर संपर्क करे :

क्वींसलैंड पुलिस ऑस्ट्रेलिया
POLICELINK

टेलीफ़ोन: +91 11 41220972
व्हाटसेप: +61 475 704 059

कमिश्नर का कार्यालय
ब्रिस्बेन

कैटरीना कैरोल APM
कमिश्नर